खबर संक्षेप



## जिनालय मंदिर की दानपेटी तोड़कर चोरो ने उड़ाए रूपए

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बस स्टेंड चोकी अंतर्गत जैन समाज के प्रसिद्ध चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र स्थित मुनीसुब्रतनाथ जिनालय मंदिर में चोरी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बीती रात बारिश ओर अंधेरा का फायदा चोरों ने उठाया मंदिर की दान पेटी तोड़कर उसमे से लगभग 25 से 30 हजार रुपये पार कर दिया। घटना की जानकारी मंदिर के माली दीपू को लगी जिसके बाद पंचायत के अध्यक्ष संजय जैन सैलू जैन मंदिर पहुंचे। उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह को घटना की जानकारी दी। टीआई सिंह ने बस स्टेंड चोकी प्रभारी को घटना स्थल भेज कर मामले की जांच करने निर्देश दिए। मौके पर देखा गया कि मंदिर के चैनल गेट के पास दान पेटी रखी हुयी थी जिसे तोड़कर चोरों ने उसमे रखे पैसे पार कर दिए। पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। चोरो की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है।

## युवक पर हमला कर गंभीर रूप से किया घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत एक युवक पर आधा दर्जन लोगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूत्रों के अनुसार विवाद किसी पुराने रंजिश या कहासुनी को लेकर हुआ जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। बीती रात शराब ठेकेदार के गुर्गों ने मोहित कटारिया 39 वर्ष के सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार उसी आपर्टमेंट मे रहने वाले मनोज शिवहरे जो कि शराब ठेकेदार बताया जा रहा है किसी पुराने रंजिश या कहासुनी को लेकर मोहित कटारिया से विवाद करने लगा और शिवहरे द्वारा अपने गुर्गों को बुलाकर युवक के साथ मारपीट करायी गयी , जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के तुरंत बाद युवक को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस नें जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। स्थानीय रहवासियों में घटना को लेकर रोष और भय का माहौल है।

## महादेवी मंदिर की दान पेटी से रूपए चोरी करने वाले को जेल भेजा



**सिलौंडी।** दशरमन के महादेवी मंदिर में 11 जुलाई की रात में दान पेटी का ताला तोड़कर रूपए चोरी करने की घटना हुई। सुबह मंदिर समिती के प्रबंधक रमेश गर्ग ने सिलौंडी पुलिस चौकी में चोरी की घटना की रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने मंदिर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग की जांच की ओर संदेह के आधार पर दशरमन महादेवी मोहल्ला के रिंकू कोल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया कड़ी पूछताछ में रिंकू कोल ने महादेवी मंदिर से दान पेटी तोड़कर नगद राशि चोरी की घटना स्वीकार कर ली। आरोपी के पास से 1900 रुपया नगद जब्त किया। साथ ही ताला तोड़ने वाला त्रिशूल के नमूने का बाना भी जप्त किया गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला कायम कर आरोपी को न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया । कार्यवाही में चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल, आरक्षक अतुल शर्मा, धर्मवीर सिंह, रामसेवक की भूमिका रही है।

### कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत अमराडांड मोड़ के समीप हुआ हादसा, ट्रक चालक हुआ फरार

# भीषण हादसा : तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह भीषण हादसा कुठला थाना अंतर्गत अमराडांड मोड़ के समीप हुआ। हादसा कारित करने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच कार्यवाही कर लाश को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे में जिन तीन युवकों की मौत हुई वे सभी पड़ोसी शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया के रहने वाले बताए गए हैं। तीन युवक अपने गांव वापस लौट रहे थे तभी यह दर्दनाक हादसा घटित हो गया। घटना बीती रात लगभग 10:30 बजे की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पन्ना जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया निवासी तीन युवक धन्नू लाल चौधरी, पुष्पेंद्र पाल और फेरु उर्फ आशिक रजक कटनी किसी काम से आए थे। काम निपटाने के बाद तीनों युवक मोटर साइकिल क्रमांक MP 35 MG 3106 से घर लौट रहे थे तभी रात करीब साढ़े दस जे अमराडांड मोड़ के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रक क्रमांक MP 21 H 1596 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ट्रक की स्पीड काफी तेज थी और उसने सामने से बाइक को सीधे कुचल दिया। तीनों युवकों के शव कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया।





घटना की सूचना मिलते ही कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों युवकों के शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चश्मदीदों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।



## 10 किलो गांजा के साथ देवर व भाभी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान NH-30 बायपास रोड किनारे ग्राम भेड़ा चौराहा स्थित नीम के पेड़ के नीचे खड़ी एक महिला को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा। महिला के पास मौजूद ट्रॉली बैग की तलाशी लेने पर उसमें 10 किलोग्राम गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,25,000 आँकी गई है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम संतोषी लुनिया, पति स्व. अनिल लुनिया 37 वर्ष, निवासी ग्राम छपरा थाना स्लीमनाबाद बताया।

पुलिस ने महिला के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की। आगे की पूछताछ में महिला संतोषी लुनिया ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि 11 जुलाई 2025 की रात करीब 9 बजे उसका देवर सुनील लुनिया उसे यह मादक पदार्थ गांजा देकर मोटरसाइकिल से घटनास्थल तक लेकर आया था और गांजा बेचने की फिराक में वहां रुकवाया था।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए देवर सुनील लुनिया को ग्राम छपरा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना जारी है। मामले की गहराई से जांच कर यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस गिरोह में अन्य लोग भी तो शामिल नहीं हैं।

### उमरियापान थाना परिसर में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## बाढ़ में फंसे एवं पानी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने की तकनीकों का लाइव डेमो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में संभावित बाढ़ आपदा की गंभीरता को देखते हुए, राज्य आपदा राहत बल (SDRF) द्वारा शनिवार को थाना उमरियापान परिसर में एक दिवसीय विशेष बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल, होमगार्ड, वन विभाग, सिविल डिफेंस और स्थानीय प्रशासनिक अमले को आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए तैयार करना था।



कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ टीम ने बाढ़ से जुड़े विभिन्न आपातकालीन हालातों में किए जाने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन, राफ्ट बोट संचालन, रस्सी से बचाव, प्राथमिक उपचार, फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की विधियां और जीवन रक्षक तकनीकों का लाइव डेमो दिया।

प्रशिक्षण के दौरान पानी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने की तकनीक, बाढ़ में फंसे नागरिकों को नाव या रस्सियों से बाहर निकालना, प्राथमिक चिकित्सा और CPR की प्रक्रिया, सामूहिक रेस्क्यू के समय समन्वय का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निधि सिंह गोयल SDM ढीमरखेडा, आकांक्षा चतुर्वेदी SDOP स्लीमनाबाद, अजय मिश्रा रेंजर उमरियापान, थाना प्रभारी उमरियापान दिनेश तिवारी, SDRF प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, थाना ढीमरखेड़ा एवं उमरियापान का पुलिस स्टाफ, नगर सैनिक, वन रक्षक, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों एवं क्षेत्रीय तैराक एवं आमजन उपस्थित रहे। कटनी पुलिस आम जनता से अपील करती है कि बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

अगर आप मध्य प्रदेश में किसी आपदाग्रस्त क्षेत्र में फंसे हैं तो मदद के लिए टोल फ्री नंबर- 100, 1079, 1070 पर संपर्क करें। कटनी जिले में अतिवृष्टि के दौरान नागरिकगण बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम नंबर 07622-292740 या पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7587615946 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पार्क का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



कैमोर क्षेत्र में 16 लाख रूपए की लागत से अमृत पार्क बनाया जा रहा है। पार्क में आकर्षक चित्रकारी के साथ ही अन्य तरह की व्यवस्थाएं की जा रही है। पार्क का निर्माण हो जाने के बाद आमजनों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। कैमोर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परतें द्वारा शनिवार को अमृत पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क के सौंदर्यीकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित प्रभारियों को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश प्रदान दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ एडवोकेट ब्रह्मूर्ती तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक पृथ्वीराज सिंह, वृक्ष अधिकारी रामकिंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### पशुपालकों को समझाइश देने के बाद शुरू हुई कार्रवाई

## आदेश के उल्लंघन पर 2 पशुपालकों के विरूद्ध थाना में दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में घुमंतु पशुओं के 2 पशुपालकों के विरूद्ध शनिवार को पुलिस थाना स्लीमनाबाद में एफआईआर दर्ज कराई गई।

पटवारी गणेश सिंह ठाकुर की ओर से 2 पशुपालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 223 के अंतर्गत स्लीमनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी किवलारी तिराहा रोड में खड़ी गायों के पशुपालकों क्रमशः राजेश प्रधान और राजेन्द्रह गोड़ के विरूद्ध दर्ज की गई है।

### टैग स्कैन कर पशु मालिकों पर की गई कार्यवाही

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 और सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

### आदेश का हुआ उल्लंघन

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।

## पुलिस की चार टीमों ने पारधियों के ठिकानों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बनाई गई पुलिस की चार टीमों ने पारधियों के ठिकानों में जाकर जांच पड़ताल की। बीते दिनों हाईवे लूट कांड में पारधी गिरोह के अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्यवाही तेज हो गई है। इन अपराधियों से संदिग्ध अपराध में प्रयुक्त हथियार साजो सामान बरामद होने के बाद पारधी गिरोह के अन्य ठिकानों पर भी कटनी पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की जा रही है।



इसी क्रम में थाना बरही, रीठी, कुठला, बिलहरी अंतर्गत रह रहे पारधियों के डेरो पर दबिश दी गई। इस कार्यवाही में अलग-अलग 04 टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर एक साथ रेड की कार्रवाई की गई। कार्यवाई के दौरान विजयराघवगढ़ अनुभाग अंतर्गत एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में थाना बरही, वि.गढ एवं बड़वारा की गठित टीमों द्वारा बरही क्षेत्रांतर्गत ग्राम हीरापुर, छिंदिया टोला, खिरहनी में दबिश दी गई। रेड कार्यवाही के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल एवं अवैध कच्ची शराब निर्माण सामग्री महुआ लाहन लगभग 400 किलो नष्ट किया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में थाना कुठला, माधव नगर, रंगनाथनगर, एनकेजे द्वारा कुठला क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरदुआ, मदार टेकरी, ग्राम पटेहरा, कुडो, कैलोरी में दबिश दी गई। एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रीठी एवं बहोरीबंद द्वारा थाना रीठी क्षेत्रांतर्गत देवगांव, बिरहुली, बूढ़ा ललितपुर , इमलिया, रयपुरा में दबिश दी गई। निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक अनुप सिंह ठाकुर एवं चौकी बिलहरी व पुलिस लाइन के बल द्वारा चौकी बिलहरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम कैमोरी में दबिश दी गई। रेड कार्यवाही के दौरान तीन संदिग्ध मोटरसाइकिल एवं अवैध कच्ची शराब निर्माण सामग्री महुआ लाहन लगभग 40 किलोग्राम नष्ट किया गया। एवं अवैध कच्ची शराब जब्त की गई।

कार्यवाही के दौरान संदिग्ध निवासियों और उनके मूल निवास के संबंध में प्रशासन से जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई एवं उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जाँच की गई। पुलिस अधिकारियों ने परधियों को समझाइश दी कि वे अपराध की राह छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और समाज की भलाई में सहभागी बनें। उन्हें सख्त चेतावनी भी दी गई कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांग प्रोत्साहन स्कीम के हितग्राहियों को भी राशि वितरित

## लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की 35 करोड़ से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्ययमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन में आयोजित राज्यर स्तीरीय कार्यक्रम में कटनी जिले के 2 लाख 43 हजार 21 लाडली बहनों के खाते में 35 करोड़ 45 लाख 92 हजार 400 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से बैंक खातों में अंतरित किया। सभी 1713 आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुख्यूमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को लाइव देखा व सुना गया।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 2 लाख 43 हजार 21 महिलाओं को 1 हजार 250 रूपये के मान से 29 करोड़ 38 लाख 37 हजार 150 रूपये एवं स्पेशल राशि 250 रूपये के मान से 6 करोड़ 7 लाख 55 हजार 250 रूपये की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अंतरित की गई हैं । इस प्रकार जिले की पात्र महिलाओं को कुल 35 करोड़ 45 लाख 92 हजार 400 रूपये की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की गई ।

इसी प्रकार जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित सामाजिक न्याय विभाग से संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 1 लाख 6 हजार 563 हितग्राहियों को 6 करोड़ 39 लाख 30 हजार रूपये की पेंशन राशि वितरित की गई है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में योजना अंतर्गत की जा रही राशि अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले की समस्त आंगनवाड़ी स्तर ग्राम पंचायत स्तर में हितग्राही महिलाओं को लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें अधिक से अधिक हितग्राही महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण

कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के तहत 3 हजार 443 हितग्राहियों को 20 लाख 65 हजार 800 रूपये की राशि की पेंशन सहायता राशि का वितरण किया गया। इसी तरह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 46 हजार 978 हितग्राहियों को 2 करोड़ 81 लाख 86 हजार 800 रूपये प्रदान किये गए हैं। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत जिले के 21 हजार 540 हितग्राहियों को 1 करोड़ 29 लाख 24 हजार रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया है। कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 1 हजार 417 हितग्राहियों को 8 लाख 50 हजार 200 रूपये की राशि का वितरण किया गया है।

वहीं दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन स्कीम के तहत 2 हजार 183 हितग्राहियों को 13 लाख 9 हजार 800 रूपये, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना के तहत 54 हितग्राहियों को 32 हजार 400 रूपये, सीएम सोशल सेक्योरिटी कल्याणी स्कीम के अंतर्गत जिले के 18 हजार 777 हितग्राहियों को 1 करोड़ 12 लाख 66 हजार 200 रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया। एकाधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए सहायता योजना के तहत जिले के 1 हजार 193 हितग्राहियों को 7 लाख 15 हजार 800 रुपये, सामाजिक सुरक्षा वृद्धाश्रम पेंशन योजना के तहत 1852 हितग्राहियों को 11 लाख 11 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा विकलांग पेंशन योजना के तहत 8 हजार 735 हितग्राहियों को 52 लाख 33 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 385 हितग्राहियों को 2 लाख 31 हजार रुपये तथा वृद्धाश्रम में निवासरत 6 हितग्राहियों को 3600 रुपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया।

## करंट की चपेट में आने से एक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में एक बड़ी घटना हो गई। विद्युत लाइन की चपेट में आने से कुछ महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हादसे में एक आदिवासी महिला की मौत हो गई। घायल महिलाओं को इलाज के लिए स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गत शाम लगभग 5:30 बजे ग्राम संसारपुर निवासी 40 वर्षीय मुन्नी आदिवासी पति दशंक भूमिया खेत से रोपा लगाकर 50 वर्षीय आग़ानिया बाई भूमिया पति जौहर लाल भूमिया, 36 वर्षीय रमन बाई भूमिया पति राकेश भूमिया, 8 वर्षीय संध्या कुमारी पिता राकेश भूमिया एवं अन्य महिलाओं के साथ घर वापस लौट रही थी। इस दौरान महिलाएं 33 के व्ही लाइन के चल रहे काम के लिए फैली बिजली के तर की संपर्क में आ गई। करंट का झटका लगने के कारण सभी घायल हो गई। जिसमें से मुन्नी आदिवासी की हालत गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में निवार के समीप ही उसकी मौत हो गई। इस घटना में विद्युत विभाग के ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जाता है की काम बंद होने के बाद भी काम कर रहे ठेकेदार की लापरवाही के कारण खुली तारो में करंट दौड़ रहा था जिसके कारण यह बड़ी दुर्घटना हुई।

## खबर संक्षेप



### दीवाल गिरने से तीन बकरियों की मौत

**बड़वारा।** समीपस्थ ग्राम झरेला में शनिवार की सुबह करीब 07 बजे झरेला ग्राम के निवासी रामखेलावन गड़ारी पिता बहोरी गड़ारी ने घर के सार में 12-13 बकरियों को घर की सार की में बांध दिया था जहां घर की सार की दीवाल गिरने से 03 नग बकरियां घर की दीवाल गिरने दीवाल में दब गईं जिससे उनकी मृत्यु हो गई जिसकी सूचना प्रार्थी रामखेलावन गड़ारी पिता बहोरी गड़ारी ने बड़वारा थाना में लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

### हादसे मृत पशुओं का करें व्यवस्थित निष्पादन



**कटनी।** आपदा प्रबंधन बैठक के दौरान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अतिवर्षा, बाढ़ एवं रोड में दुर्घटनाग्रस्त होकर मृत होने वाले पशुओं को तकनीकी रूप से डिस्पोषजल करने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. आर के सोनी ने जिले के सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को संबंधित नगर निगम, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत से समन्वेय करते हुये स्थासन चिन्हित कर मृत पशुओं को तकनीकी रूप से डिस्पोरजल करने की कृत कार्यवाही से सूचित करने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में उपसंचालक डॉ. सोनी ने नगरनिगम के एमएसडब्ल्यूगिम प्लांकट पहुंचकर मृत पशुओं के व्येवस्थित व वैज्ञानिक सम्मत निष्पांदन प्रक्रिया व व्यीवस्थापओं का जायजा लिया।

### जिले में अब तक 517.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 12 जुलाई तक कुल 517.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 656.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 149.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 246.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 499.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 610.4 मिमी बड़वारा में 445 मिलीमीटर, बरही तहसील में 414 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 546.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 502 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 656.8 मिमी तथा ढीमरखेड़ा में 462.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## कलेक्टर ने बाढ़ आपदा के नजरिये से तैयारी व इंतजामों की समीक्षा कर कहा सजग और संवेदनशील रहे अधिकारी

# विपरीत परिस्थितियों में राहत एवं बचाव के लिए रहें अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारिश के मौसम के मद्देनजर संभावित बाढ़-आपदा के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग, अधिकारी और अमला अलर्ट मोड पर रहे। नागरिकों के हित में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी संवेदनशील और सजग होकर दायित्व पूरा करें। सभी समय पर फोन उठाएं, रिस्पांस टाइम फास्ट होना चाहिए। ताकि किसी जरूरतमंद को समय पर मदद पहुंचाई जा सके। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिए किये गये इंतजामों की समीक्षा के दौरान दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी शगौरव शर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया मौजूद रहे।

### सक्रिय रहे कंट्रोल रूम

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-साथ विकासखंड स्तर और नगर निगम में बनाये गये कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे सक्रिय रहें। उन्होंने थाना स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाये जाने के निर्देश दिए। ताकि रात में भी किसी स्थान विशेष में जलप्लावन की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि कम से कम रिस्पांस टाइम में मौके पर पहुंच कर राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा की किसी भी प्रकार की सूचना मिलते हीं सबसे पहले जिला कंट्रोल रूम और आपदा प्रबंधन ग्रुप को सूचित करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल रूम में बिजली विभाग के कर्मचारी की भी ड्यूटी लगाई जायगा।

### जर्जर भवनों में न लगे कक्षायें

कलेक्टर श्री यादव ने नगर निगम सहित स्कूल शिक्षा विभाग, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी जर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी भवन में कक्षायें संचालित न हों। साथ ही चिन्हित जर्जर भवनों में कोई रहवासी न रहे। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक लहजे में निर्देशित किया कि चिन्हित जर्जर भवनों को खाली कराया जाना सुनिश्चित करें। इसमें



लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को 3 दिन के भीतर इस प्रकार के सभी भवनों का पुर्नसर्वेक्षण और सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि निर्माणाधीन भवन, सड़क आदि निचले इलाकों में जहां जलभराव होता है, वहां बैरिकेटिंग कराई जाये। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो।

### समन्वय से करें कार्य

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि पुलिस एवं होमगार्ड सहित संबद्ध विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप चुस्त-दुरूस्त रखें। उन्होंने विजयराघवगढ़ व बरही क्षेत्र के बाणसागर बांध के बैक वाटर वाले क्षेत्र के गांवों में बाढ़ आपदा के नजरिये से ग्रामीणों को पुलिस, वन और होमगार्ड के संयुक्त भागीदारी से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि निचले इलाकों और जहां पिछले वर्ष जलभराव हुआ था वहां राशन और उर्वरक की दुकानें न हों। राशन, खाद और शासकीय डबल लॉक केन्द्र तथा समितियों को ऐसे स्थानों में शिफ्ट किया जाये, जहां पानी न भरे ताकि किसी भी प्रकार की सामग्री खराब न हो।

### पशुपालकों पर करायें एफआईआर

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने सड़कों में विचरण करने वाले आवारा घुमंतु पशुओं के मालिकों के विरूद्ध एफआईआर और जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालकों का पता न चलने पर इन पशुओं को गौशालाओं में भिजवायें। उन्होंने नेशनल हाइवे के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों के सचिवों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वाहनों के साथ हाइवे में पेट्रोलिंग करने की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपसंचालक पशुपालक डॉ. आर के सोनी को निर्देशित किया कि गौशाला और सड़क दुर्घटना में मृत पशुओं का वैज्ञानिक तरीके से निपटान कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए पशु चिकित्सक की ड्यूटी लगाये। कलेक्टर ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत लगे वाहनों के नंबर जिला कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि इन वाहनों का सदुपयोग कर तत्काल मदद मुहैया कराई जा सके।

कलेक्टर श्री यादव ने जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित को निर्देशित किया कि वे पानी भरने वाली और खतरनाक स्वरूप की खदानों का स्थल भ्रमण कर उनका चिन्हांकन करें। ताकि इन खदानों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से जन और पशु हानि न हो।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्पदंश के मामलों में पूरी संवेदनशीलता बरतें। अस्पतालों में एंटी वेनम इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता हो। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी हर समय मौजूद रहे। कलेक्टर ने ताकीद किया कि किसी भी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ को बिना उनकी अनुमति के अवकाश न दिया जाये। साथ ही उन्होने पीएचई विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी हैंडपंपों का क्लोरीनाईजेशन कराना सुनिश्चित करें ताकि दूषित पानी पीने से कोई भी व्यक्ति बीमार न पड़े।

कलेक्टर श्री यादव ने पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की संयुक्त भागीदारी से राहत और बचाव कार्य का मॉकड्रिल करने के निर्देश दिए ताकि कम समय में जरूरजमंदों को मदद पहुंचाई जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि पिछले वर्ष की बारिश में हुये जलभराव को देखते हुए ढीमरखेड़ा, बरही, बहोरीबंद, पान उमरिया क्षेत्रों में पहले से होमगार्ड तैनात रखें। साथ ही इन क्षेत्रों के निचले इलाकों में संभावित बारिश और बाढ़ के दौरान एसडीएम शीघ्र पहुंचकर एवं पुलिस बलों से समन्वय कर मोटर बोट, लाइफ जैकेट, रस्सा, ट्यूब, रबर बोर्ड, रेनकोट, डीपइझविंग जैसे उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें।

*अधिकारियों ने दस्तावेज जमा कराते हुए आवेदन फार्म किये पूर्ण*

## विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए संकुलवार शिविर होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अब जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोकसेवा केंद्र सहित, तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब आसानी से विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र स्कूलों में ही बन जायेंगे। विद्यार्थियों को परेशानी न हो इसके लिए कलेक्टर दिलीप यादव के आदेशानुसार बहोरीबंद विकासखंड मै जाति प्रमाण पत्र बनाने का अभियान शुरू हो गया हैं।

बहोरीबंद एसडीएम के द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने संकुल वार शिविर आयोजित करने के दिशा -निर्देश जारी कर दिए गये हैं। एसडीएम राकेश चौरसिया के जारी आदेशानुसार शनिवार को संकुल केंद्र तेवरी मै जाति प्रमाण पत्र बनाने राजस्व व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान मै शिविर आयोजित हुआ। जहाँ संकुल अंतर्गत आने वाले 29 स्कूलों के विद्यार्थियों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन किए।



शिविर में मौजूद अधिकारियो ने जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेज जमा कराते हुए आवेदन फार्म पूर्ण किये।

इस दौरान तहसीलदार सारिका रावत, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा, संकुल प्राचार्य मनोज हल्दकार, जनशिक्षक सुरेंद्र झारिया, बलवीर सिंह, अनिल हल्दकार सहित संकुल तेवरी के अंतर्गत आने वाली शालाओं के शाला प्रभारी, हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि स्कूलों मै अध्ययन रत विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने संकुल वार शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। प्रथम चरण का अभियान 11 जुलाई से शुरू हुआ हैं जो 18 जुलाई तक चलेगा। अभियान के तहत 14 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा, 15 जुलाई को बचैया, 16 जुलाई को बहोरीबंद, 17 जुलाई को स्लीमनाबाद ओर 18 जुलाई को सिंहुडी संकुल केंद्र मै शिविर आयोजित होगा।

### फल मंडी के व्यापारियों ने अवैध वसूली को लेकर सौंपा ज्ञापन



पहरुआ स्थित फल मंडी के व्यापारियों ने कृषि उपज मंडी समिति के सचिव कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि कुछ लोग उनसे 20 हजार रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। कृषक साग एवं फल व्यापारी संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद मिश्रा ने बताया कि रवि कछवाह, राहुल कछवाह, गोलू कछवाह, विक्की और अन्नू द्वारा यह वसूली की जा रही है। व्यापारियों के विरोध करने पर उन्हें दुकानें हटवाने की धमकी दी जा रही है। इस कारण व्यापारी भयभीत हैं और उनका रोजमर्रा का व्यापार प्रभावित हो रहा है। दूसरी तरफ संघ के सदस्य रवि कछवाह का कहना है कि सेक्रेटरी के तौर पर 10 लाख रुपए की एफडी जमा करनी है। इसी के लिए व्यापारियों से राशि ली जा रही है। उन्होंने अवैध वसूली के आरोपों को निराधार बताया है। मंडी सचिव केके नरवाल ने कहा कि व्यापारियों का आवेदन मिला है। मामले की जांच की जाएगी और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## 400 आवारा और घुमंतु गौवंश को रखने हेतु तैयार की जाएगी गौशाला, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने स्लीमनाबाद-उमरियापान-ढीमरखेड़ा मार्ग में घुमंतु गौवंशों को ढीमरखेड़ा के समीप स्थित खिरवा पौड़ी गांव की गौशाला में गौवंश रखने की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने खिरवा पौड़ी की गौशाला को संचालित कर रहे महर्षि महेश योगी विद्यापीठ करौंदी के पदाधिकारी से चर्चा किया और इस गौशाला का जीर्णोद्धार, मरम्मत और सुधार कर व्यवस्थित और नया स्वरूप देकर यहां गौवंश के लिए सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिये।ताकि इस गौशाला में नेशनल हाइवे और ढीमरखेड़ा-



स्लीमनाबाद सड़क में विचरण करने वाले आवारा गौवंश को खिरवा पौड़ी गौशाला में रखा जा सके। इस गौशाला में करीब 400 गौवंशों को रखे जाने की व्यवस्था होगी।

कलेक्टर ने इन गौवंशों के भूसा-चारा और पानी का प्रबंध सुनिश्चित करने जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी को निर्देशित किया। आवश्यकता के अनुरूप भविष्य में इसी गौशाला से लगे हुये क्षेत्र में गौ-आश्रय स्थल के और विस्तार के संबंध में भी कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम और जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। इस मौके पर एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, जनपद सीईओ मौजूद थे।

*औचक निरीक्षण में खामियां देख कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश*

## नगर निगम के दफ्तरों में पानी टपकने एवं सीलन देख निगमायुक्त ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय परिसर के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर नाराजगी व्यक्त की। श्री पाठक नें निगम के उपायुक्त श्री गुप्ता एवं प्र. कार्य.यंत्री श्री मिश्रा से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारी हमारे निगम परिवार का हिस्सा है कार्यालयीन कार्य को संपादित करनें में इनका महत्वपूर्ण योगदान है, इनकी सुविधाओं का ध्यान रखना भी हमारा दायित्व है। इस प्रकार की लापरवाही से कार्यक्षमता पर सवालिया निशान लगता है, खासकर जब निगम शहर के विकास और निर्माण कार्यों का दावा करता है।



श्री पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के मौसम में नगर निगम कार्यालय के विभिन्न विभागें की छतों से पानी टपकना ,दीवारों पर जगह-जगह सीलन आना एक गंभीर समस्या है इससे विभागों में कार्य कर रहे कर्मचारियों को काफी असुविधा का सामना करना पडता है , खासकर यदि इससे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड भीग रहे हों। इससे न केवल काम करने की स्थिति खराब होती है, बल्कि महत्वपूर्ण दस्तावेज भी भीग कर खराब हो सकते हैं। ऐसी स्थिति अपने दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही का सूचक है खराब रखरखाव वाले भवनों में. बारिश के पानी से न केवल कार्यालय का काम बाधित होता है, बल्कि महत्वपूर्ण दस्तावेज, जैसे कि रिकॉर्ड, पत्रावलियां, और अन्य महत्वपूर्ण कागजात भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। श्री पाठक नें संबंधितों से इस समस्या को तत्काल ठीक कराने के निर्देश प्रदान किए है साथ ही समय समय पर भवनों के रख रखाव पर विशेष रुप से ध्यान देने की बात कही ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें निरीक्षण के दौरान परिसर में सफाई व्यवस्था में भी कमी देखी श्री पाठक नें संबंधित को निदेर्शित करते हुए दोनो पाली में कार्यालय परिसर में सफाई कराने के साथ ही कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव कराने के निर्देश दिए है ताकि,बारिश के मौसम में मच्छर आदि न हो इससे कर्मचारियों एव निगम में आने वाले आम नागरिको को किसी प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधित समस्या न हो ।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

## बहोरीबंद विकासखंड मे 100 महिलाये तैयार करेंगी बागवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे राज्य सरकार के द्वारा नई पहल की जा रही है। एक बगिया माँ के नाम नामक परियोजना के तहत 15 अगस्त से पौधेरोपण कार्य की शुरूआती होगी।

इस परियोजना का उद्देश्य स्व सहायता समूहों की महिलाओं को उनके निजी भूमि पर फलोउद्यान बगिया स्थापित कर स्वरोजगार से जोड़ना है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को इस नई योजना की जानकारी से अवगत कराने आजीविका मिशन के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण बहोरीबंद मे आयोजित किया गया। आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक उभय श्रीवास्तव ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देते हुए बतलाया कि बहोरीबंद विकासखंड से 100 महिलाओं को इस अभियान मे जोड़ना है।

परियोजना के तहत चयनित महिला हितग्राहियो का चयन एक बगिया माँ के नाम अभियान के नाम नामक विशेष एप के माध्यम



से किया जायेगा। मनरेगा परिषद द्वारा इस एप का निर्माण किया गया है!यदि महिला के नाम पर भूमि नहीं है तों पति, पिता, ससुर या पुत्र की सहमति से उनकी भूमि पर बगिया विकसित की जा सकेगी। इनके निजी भूखंडो पर फलदार पौधे लगाए जायेंगे साथ ही पौधो की सुरक्षा, सिंचाई ओर देखरेख के लिए जरूरी संसाधन जैसे खाद, तारबंदी ओर 50 हजार लीटर क्षमता वाले जल कुंड के लिए भी सहायता दी जाएगी।

वहीं जनपद सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि परियोजना के तहत 15 जुलाई तक हितग्राहियो का चयन पूर्ण किया जायेगा। 25 जुलाई तक भूमि का निरीक्षण, सत्यापन ओर स्वीकृति, 14 अगस्त फेंसिंग एवं गड्ढा खुदाई की तैयारी ओर 15 अगस्त से 15 सितंबर तक पौधेरोपण का कार्य चलेगा।

### 100 महिलाओं का होगा चयन

चयन के बाद उन्हें दो बार वार्षिक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा ताकि वें पौधो की देखरेख, जैविक खाद, कीटनाशक ओर अंतरवर्तीय फसलों की जानकारी प्राप्त कर सके।

परियोजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही महिला के पास न्यूनतम 0.5एकड़ ओर अधिकतम 1 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है!प्रत्येक 25 एकड़ पर एक कृषि सखी की नियुक्ति की जाएगी जो तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

परियोजना की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए पौधेरोपण कार्य की निगरानी ड्रोन व सेटेलाइट इमेजिंग से की जाएगी इसके लिए एक विशेष डेशबोर्ड भी तैयार किया जा रहा है। प्रदर्शन के आधार राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

एक बगिया माँ के नाम योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे अहम कदम होगी बल्कि महिला सशक्तिकरण ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगी।

इस दौरान एपीओ मूलचंद सिंगरोरे, सहायक यंत्री अरविंद पटेल,उपयंत्री सुशील साहू उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के जीवन मे गुरु का स्थान होता है महत्वपूर्ण, स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के साथ महाविद्यालयों मे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। साथ ही विद्यार्थियों के जीवन मे गुरु का क्या महत्व है इस पर वक्ताओ ने अपने विचार रखें। स्लीमनाबाद स्थित महर्षि विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा समारोह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन का 17वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम वैदिक परम्परा का निर्वाहन करते हुए गुरुपूजन व सामूहिक भावातीत ध्यान किया गया। शिक्षक राहुल मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि विश्व शांति आंदोलन के अन्तर्गत महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के परिचय से किया। इसके बाद प्राचार्या प्रीति मिश्रा ने गुरु की महत्ता



पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का साथ एवं प्रेरणा मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने में परम आवश्यक है। हम सभी भारतीयों के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि आज हम गुरु पूर्णिमा मना रहे हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

महर्षि महेश योगी का सपना विद्यार्थियों में वैदिक संस्कृति की समृद्ध परंपरा को विकसित करना था, जो बदले में गुरु-भक्ति की अवधारणा को पुनः स्थापित करेगी। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने सुरुचिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गुरु की महिमा पर कविताएं प्रस्तुत की।सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने कविता,दोहे,नृत्य तथा भाषण द्वारा गुरु के प्रति अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।सभी विद्यार्थियो ने पुष्प अर्पित करते हुए अपने गुरुजन से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क बनी तो पुल ना बनाकर पुलिया बना दी, लगा आरोप बारिस में याद आ रही दास्तां

**पन्ना।** जिले में भारी बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया है, जिनमें ग्राम सुनहरा भी शामिल है। राजापुर नाले में आई बाढ़ के कारण पुलिया के ऊपर 5 से 6 फीट ऊंचाई तक पानी बह रहा है, जिससे सभी प्रकार के वाहनों और लोगों की आवाजाही बंद हो गई है। इस कारण लगभग 2000 की आबादी वाले ग्राम राजापुर, ग्राम सुनहरा और ग्राम कटरा का शहर से संपर्क कट गया है।स्कूल और कॉलेज के छात्र स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और दुग्ध विक्रेताओं को शहर में दूध नहीं पहुंचा सके। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ग्राम सुनहरा निवासी शशिकांत दीक्षित ने बताया कि बरसात के समय राजापुर नाले में अक्सर अधिक बरसात होने पर सड़क मार्ग में बनी पुलिया उफान पर आ जाती है और आए दिन सड़क संपर्क तीन गांव का टूट जाता है। इस तरह की समस्या नहीं हो, इसके लिए ऊंचाई वाला पुल बनाया जाना चाहिए।

### छात्रों के बीच मनाया जन्म दिवस

**बनवार।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला घाघरी में शिक्षक हजारी प्रसाद रजक ने अपना 60वां जन्म दिवस विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच मनाया। इस अवसर पर छात्राओं और शिक्षकों ने केक काटा और सभी छात्रों को स्वल्पाहार वितरण किया गया। शाला के प्रधान अध्यापक दीपक उपाध्याय, शिक्षक राजेश उपाध्याय, हलकाई ठाकुर, पीयूष और सत्येंद्र की उपस्थिति सराहनीय रही। सभी ने हजारी जी के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। हजारी प्रसाद रजक ने अपने जन्मदिन को छात्रों के साथ मनाने का फैसला किया, जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों ने अपने शिक्षक के साथ केक काटा और उनके साथ समय बिताया। सभी ने हजारी जी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शाला में एक खुशी का माहौल था और सभी ने अपने शिक्षक के साथ समय बिताने का आनंद लिया।

## तारादेही के व्यारमा नदी के पुल पर पानी आने देवरी महाराजपुर तारादेही मार्ग रहा बंद

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



### दोनों और फंसे रहे दर्जनों वाहन व राहगीर, पुलिस पहुंची मौके पर लोगों को पुल के पास नहीं जाने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने अब आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही ग्राम से निकली व्यारमा नदी पर बने पुल पर पानी आ जाने से पूरी तरह यातायात ठप हो गया इस वजह से तेन्दूखेड़ा तारादेही देवरी महाराजपुर आवाजाही करने वाले राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा पिछले एक सप्ताह से हो रही अनवरत बारिश के कारण व्यारमा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है शनिवार की सुबह 7 बजे टाइगर रिजर्व की सीमा से गुजरी जीवनदायिनी व्यारमा नदी के पुल पर 2 फुट से अधिक पानी आ गया देखते ही देखते पुल पर लगातार पानी का जलस्तर बढ़ने से दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई और मार्ग पर सफर करने वाले राहगीर दोनों तरफ फंसे हुए इस दौरान इस मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें भी दोनों तरफ फंसी रही पुल पर पानी आ जाने के के पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए मार्ग पर यातायात को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया यह मार्ग न केवल आसपास के दर्जनों ग्रामों को मुख्य सड़क से जोड़ता है बल्कि इस मार्ग से सागर नरसिंहपुर भोपाल सहित अन्य जिलों को भी जोड़ता है वहीं व्यारमा नदी के पुल पर आ जाने के बाद दर्जनों स्कूलों बच्चों को भी परेशान होना पड़ा क्योंकि इस क्षेत्र में मात्र एक तारादेही ग्राम में ही हाईस्कूल है और कालेज के लिए तेन्दूखेड़ा आना पड़ता है लेकिन पुल पर पानी होने के कारण दर्जनों ग्रामों के छात्र छात्राएं तेदूखेड़ा मुख्यालय और तारादेही नहीं पहुंच सके वहीं तेन्दूखेड़ा जबलपुर दमोह जाने के लिए मजबूरन लंबा चक्कर लगाना पड़ जहां शिवलाल खमरिया सर्रा झलौन होते हुए लोग अपने कार्यस्थल तक पहुंचे जिससे उनका कीमती समय ओर पैसा दोनों बर्बाद हुई।

### दो दिन से परेशान हो रहे राहगीर

वहीं इस मार्ग पर सफर करने वाले लोगों को इस मार्ग पर सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि यह मार्ग दो दिन से बाधित हो रहा है बीते शुक्रवार को इस मार्ग पर स्थित तारादेही समनापुर के बीच पड़ने वाले किचऊ की पुलिया पर भी सुबह से पानी आ जाने से दोपहर 2 बजे तक यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया था और शनिवार को व्यारमा नदी का पुल डूबने से दो दिनों से इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों को और यात्रियों को बड़ी दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं व्यारमा नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आने की उम्मीद होने लगती है क्योंकि इस नदी किनारे दर्जनों गांव लगे हुए हैं लेकिन शनिवार को दोपहर में बारिश थमने और मौसम साफ हो जाने से नदी का जलस्तर घटने से कई ग्रामों में व्यारमा का पानी नहीं पहुंच पाया जिससे बाढ़ की चपेट में आने से गांव बच गए।

# एमडीआर एवं सीडीआर प्रकरणों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में मातृ-मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की रोकथाम एवं सेवा गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में दो एम.डी.आर. एवं सी.डी.आर. प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चैहान, डॉ. जलज बजाज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र कुमार, सी.बी.एम.ओ. जबेरा एवं पथरिया तथा मृतका के परिजन मौजूद रहे। मातृ-मृत्यु समीक्षा बैठक दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने संवेदनशीलता के साथ मृतकों के परिजनों से मृतका के चिकित्सा इतिहास, गर्भावस्था दौरान स्वास्थ्य परेशानियों, ग्रामीण स्तर पर आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय में मिली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने उपलब्ध दस्तावेजों तथा प्रकरण शीट का बारीकी से अवलोकन भी किया। समीक्षा दौरान कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रोटोकॉल अनुसार सेवायें दुरूस्त पाई गई। विकासखंड पथरिया के रानू जितेन्द्र कुर्मी की समीक्षा में संस्था स्तर पर दी गई सेवाओं में प्रोटोकॉल अनुरूप स्वास्थ्य सेवायें देना पाया गया। पथरिया सी.बी.एम.ओ. डॉ. जतिन दुबे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं एचडब्ल्यूसी पर दी गई सेवाओं का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने इस संबंध में परिजनों से पुष्टि भी की। विकासखंड जबेरा के निकिता पंजी राय के मातृ-मृत्यु प्रकरण की समीक्षा में यह सामने आया कि संबंधित महिला का उपचार निजी स्वास्थ्य संस्था में चल रहा था साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में भी स्वास्थ्य सेवायें दी गई थी। दमोह शहरी क्षेत्र की बेबी नंदनी बंसल एवं पथरिया के नरसिंहगढ क्षेत्र की बेबी रूबी विश्वकर्मा के सी.डी.आर. प्रकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जोखिम वाले नवजात मामले में गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल भ्रमण को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता है। उन्होने निर्देश दिये कि मैदानी अमले सीएचओ, एएनएम, आशा को नवजात शिशु में उभरे जोखिम के लक्षणों की शीघ्र पहचान एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में आवश्यक उन्मुखीकरण किया जाये। जिससे शीघ्र ही उचित स्वास्थ्य संस्था में उपचारित किया जा सके।

## भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एवं भगवती मानव कल्याण संगठन ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने एवं प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि एक देश तभी जीवित रह सकता है और विकसित हो सकता है जब उसकी जनसंख्या नियंत्रण में हो, क्योंकि सभी की जरूरतों को पूरा करने के संसाधन सीमित हैं। जहां एक ओर नियंत्रित जनसंख्या राष्ट्र की शक्ति को बढ़ाने का कार्य करती है तो वहीं दूसरी ओर अनियंत्रित जनसंख्या राष्ट्र के विकास में बाधक है जनसंख्या वृद्धि मानव जीवन के लिए आवश्यक संसाधनों आवास, भोजन, रोजगार, बुनियादी ढांचा एवं पर्यावरण को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचती है। जैसे. जनसंख्या वृद्धि की चुनौती भारत की जनसंख्या वर्तमान में 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जो विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या है। यह आँकड़ा हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता का प्रतीक है, किंतु यह हमारे संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण निम्नलिखित समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं: संसाधनों की कमी: पानी, भोजन, आवास और ऊर्जा जैसे बुनियादी संसाधन सीमित हो रहे हैं। पर्यावरणीय क्षति: वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएँ जनसंख्या घनत्व के कारण और गंभीर हो रही हैं। ज्ञापन सौंप ने बड़ी संख्या में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एवं भारती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं एवं महिला शक्ति की उपस्थिति रही।

## नई साइकिल मिलते ही खिले चेहरे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

ग्राम के हायर सेकेण्डवरी स्कूाल में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्याक्ष नरसिंहगढ़ सरपंच श्रीमती अनुजा श्री राजेन्द्र बिदौल्या तथा विशिष्टल अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती ललति श्री संतोष मोदी रहें । साथ ही नवाब सिंह शरीफ खान मुकुंद यादव गणमान्यर नागरिक एवं पालकों की भी मौजूदगी रहीं । नई साइकिल मिलते ही ननिहालों के चेहरे पर एक नई उर्जा के साथ खिले हुए चेहरे दिखे । सरपंच "महोदय द्वारा बच्चों एवं पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा ऐसी कई योजनाएं है , जिनसे बच्चों को कई तरह के लाभ प्राप्तच होते है , ऐसी योजनाओं की उनके द्वारा सराहना की गई । उन्हों ने कहा कि लगन , मेहनत से पढ़ाई कर हर विद्यार्थी अपने लक्ष्यं को प्राप्तऐ कर सफलता पा सकता है । श्रीमती ललती मोदी द्वारा भी बच्चों को बेहतर परिणाम एवं रोजगारपरक शिक्षा के महत्वप को समझाया । संस्था प्राचार्य शीलचन्द्रप जैन ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर केनद्रि त वक्त व्यण दिया तथा आए हुए समस्त् अतिथियों का आभार माना । कार्यक्रम में समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही । इस कार्यक्रम में नीति आयोग की टीम भी उपस्थित रही।

## एनआरसी से 12 कुपोषित बच्चों का हुआ इलाज



**बटियागढ़ ।** बटियागढ़ सीएचसी में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को भर्ती एवं उपचार कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए स्थापित पोषण एवं पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां केवल गंभीर कुपोषित बच्चों को ही भर्ती किया जाता है। जिले सहित बटियागढ़ में कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सीएचसी बटियागढ़ में ड्यूटी रत डॉ. मकबूल खान ने बताया कि आज एन आर सी केंप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने केंद्रों के 43 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई, जहां चिकित्सक द्वारा बच्चों की जांच के बाद 12 बच्चे खून की कमी और कुपोषित पाये गये। आवश्यकतानुसार बच्चों को इलाज कर भर्ती किया गया। उसे पोषण पुनर्वास केंद्र एवं अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने का अभियान चलाया जा रहा है। गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती मरीजों की माताओं की हर दिन अलग-अलग विषयों में काउंसिलिंग की जाती है। जिसमें उन्हें हाथ धुलाई व सफाई, परिवार कल्याण, घर में पोषण आहार बनाने का तरीका बताया जाता है। इसके अलावा टीकाकरण व स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाती है। जिसका उद्देश्य यह है कि केंद्र से वापस जाने के बाद बच्चों को सही तरीके और सही मात्रा में भोजन मिले। जिससे की वे जल्द से जल्द सामान्य श्रेणी में आ सकें। साथ ही माताओं को पोषण आहार बनाने की जानकारी भी दी जाती है। सामान्य होने पर बच्चे को यहां से डिस्चार्ज कर दिया जाता है। पर हर 15 दिन में उन्हें केंद्रों में बुलाकर फालोअप लिया जाता है।

## उज्जैन जाकर सीख रहे वैदिक शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सनातन धर्म संस्कृति के लिए वैदिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने उद्देश्य नगर के ब्राह्मण युवाओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने बच्चों को गुरुकुल उज्जैन भेजा गया है जहां पर यह बालक शिक्षा दीक्षा प्राप्त करने के बाद धर्म का प्रसार प्रसार करेंगे इस संबंध में विनोद कुमार सरैया ने बताया कि लोगों को गुरुकुल में जाकर देखना चाहिए किस प्रकार बच्चे कम उम्र मे अपने माता-पिता परिजनों से दूर रह कर वैद विद्या ग्रहण करते हुए अपने कर्तव्य का पालन करते है। प्राचीन भारत में वैदिक शिक्षा के लिए गुरुकुल एक आवासीय विद्यालय प्रणाली थी गुरु के संरक्षण में शिष्यों को शिक्षा दी जाती है। महर्षि कण्व वेद विद्या धाम रत्नाखेड़ी चिंतामण संचालक बालकृष्ण गणेश दत्त शास्त्री के द्वारा संचालित महर्षि कण्व वैद विद्या धाम में राघव सरैया ,जयदीप शर्मा ,राम शर्मा तथा अन्य बटुक वैदिक शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा दोनों सीख सके।

# आध्यात्म कोई जादूगरी नहीं जीवन जीने की कला सिखाता है: पं प्रमोद बारचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ दमोह में गुरुपूर्णिमा महोत्सव के मुख्य आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक पंडित प्रमोद बारचे ने कहा कि गायत्री परिवार की स्थापना का उद्देश्य यह नहीं था कि इतने सारे देवी देवताओं के अतिरिक्त गायत्री माता की भी पूजा कराई जाए। गायत्री एक संपूर्ण विद्या है और इसकी साधना से भौतिक और आध्यात्मिक लाभ दोनों मिलते है। गायत्री महाविज्ञान को पढ़ने पर गायत्री की सभी साधनाओं को स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।गायत्री मंत्र की व्याख्या ही चारों वेदों में की गई है। आज जर्मनी में अनेकों यूनिवर्सिटीज में यह प्रमाणित किया जा चुका है कि वेदों की ऋचाओं के उच्चारण से मानव की बुद्धि अत्यंत तीक्ष्ण और नीर क्षीर का विवेक करने वाली हो जाती है।वहां से बड़े बड़े वैज्ञानिक, प्रोफेसर्स भारत में वेदों का अध्ययन करने,उन्हें समझने भारत आते है और अपने यहां के छात्रों को वेदों का सा स्वर गायन सिखा रहे है।

दुनिया में सिर्फ सनातन संस्कृति ही ऐसी है जिसने कभी किसी को बल अथवा छल पूर्वक अपनी बात मनवाने मजबूर नहीं किया।प्रत्येक मनुष्य तो ठीक वस्तु, वनस्पति,पानी, वायु,पहाड़ इत्यादि में भी परमात्मा का स्वरूप देखा है। वसुधैव कुटुंबकम्-अर्थात सारी पृथ्वी के लोग हमारे अपने है। किंतु जिनकी कोई संस्कृति नहीं,जिनका कोई प्रेरणादायक इतिहास नहीं वह हमारी संस्कृति के ऊपर प्रश्न खड़ा करते है।हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए और इसकी रक्षा के लिया सदैव तत्पर रहना चाहिए।

मनुष्य तीन तरह से कार्य करता है, एक हम अपने मन से करेंगे,दूसरा जैसा प्रचलन में है हम वही करेंगे और तीसरा कोई क्या कहेगा।

जिन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी तो 23 साल की उम्र में फांसी पर हंसते हंसते चढ़ कर अमर हो गए,सुभाष चंद्र बोस आई सी एस की परीक्षा पास करके अंग्रेजों की नौकरी ना करके इतिहास में ऐसा कार्य करके अमर हो गए जिसकी कोई मिशाल नहीं मिलती, आदि शंकराचार्य दक्षिण में पैदा होकर मात्र 32 वर्ष की आयु में पूरे भारत को एक सूत्र में बांध गए। प्रतिभाएं ऐसा करती है,अपना निजी सुख,कष्ट नहीं देखती। महाराणा प्रताप यदि अकबर की अधीनता स्वीकार कर लेते तो आराम की जिंदगी जी सकते थे किंतु वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक नहीं बन सकते थे।इसलिए हमारा अध्यात्म कहता है कि मनुष्य अपने कार्य से अमर होता है इसलिए सदैव अच्छे और परोपकारी कार्य करना चाहिए। आध्यात्म कोई जादूगरी नहीं है, यह मनुष्य को जीवन कैसे जीना चाहिए यह सिखाता है। गुरुपूर्णिमा के एक दिन पूर्व गायत्री महामंत्र का सामूहिक मानसिक अखंड जप हुआ।गुरुपूर्णिमा के प्रातः पंच कुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी एक एक बुराई छोड़ी। 14 लोगों ने गुरुदीक्षा ली। दोपहर में विवेकानंद नगर के सार्वजिक पार्क में शांतिकुंज प्रतिनिधियों के द्वारा 10 वृक्षों का रोपड़ किया गया जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय निवासी कुलदीप नेमा और उनके परिवार द्वारा ली गई। शाम के कार्यक्रम में हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल का इस बात के लिए सम्मान हुआ कि उन्होंने प्लास्टिक के पूर्ण वहिष्कार करने में अपना अमूल्य सहयोग दिया । छेवले के पत्ते की दोना पत्तल, फाइबर की कटोरी,स्टील के गिलास वह सार्वजनिक आयोजनों में निशुल्क उपलब्ध कराते है। अखंड ज्योति पत्रिका,युग निर्माण योजना पत्रिकाओं के आजीवन सदस्य बनने पर आकाश रश्मि चौधरी, नीरज हर्ष श्रीवास्तव, नंद कुमार पटेल शिक्षक,जलज हर्ष श्रीवास्तव और वैभव पटेल को भी मंच से दुपट्टा उढ़ा कर सम्मान किया गया। भंडारे के साथ दो दिवसीय आयोजन का समापन हुआ।

# नगर परिषद कार्यालय में शिक्षकों का शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया



**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को नगर में गुरु पुर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा उत्साह और आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया इस बीच नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष सत्तकुमार पाल की मौजूदगी में नगर परिषद कार्यालय में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जहां नगर के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों का शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा हमारे बच्चों और हमें गुरु नैतिक और मानसिक रूप से भी हमें विकसित करते हैं और वे हमे सही और गलत का भेद बताते हैं साथ ही हमें अच्छे और बुरे के बीच अंतर करना सिखाते हैं सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाता है कि गुरु के बिना हमारा जीवन हमेशा अधूरा रहता है उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव ने कहा कि जीवन में जिससे भी कुछ सीखने को मिले वहीं गुरु है गुरुकुल परंपरा केवल ज्ञान नहीं जीवन निर्माण की शिक्षा देती है आज इस कार्यक्रम में आए समस्त शिक्षकों का आत्मसात करना ही गुरु पूर्णिमा को सार्थक बनाता है पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने कहा गुरु भगवान से भी ऊंचा स्थान रखते हैं अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन कहा कि अज्ञान को मिटाकर ज्ञान की ओर ले जाने वाला ही गुरु होता है इस कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ने समस्त शिक्षकों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने जागरूक किया और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह मंडल अध्यक्ष सतकुमार पाल पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन पार्षद गोपाल ठाकुर विपिन ठाकुर हल्के भाई घोषी सहित समस्त पार्षद एवं नगर परिषद के कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## सांस्कृतिक और सामाजिक उपयोग हेतु आरक्षित किया जाए टाऊन हाल

**दमोह।** टाऊन हाल की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। एक दौर था जब यह हाल दमोह नगर की सांस्कृतिक सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। तब के कई गणमान्यों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बहुत सी यादें इसके एक-एक पत्थर पर अंकित है ,जिन्हें संरक्षित कर,आने वाली पीढ़ी को सौंपना हम वर्तमान पीढ़ी का प्रमुख दायित्व है। यह बात म प्र लेखक संघ के अध्यक्ष इंजी अमर सिंह राजपूत ने नरेंद्र बजाज के साथ कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर के समक्ष एक आवेदन देकर रखी। उनको अवगत कराया कि किस तरह उक्त टाऊन हाल का उपयोग उस ऐतिहासिक धरोहर का उपयोग उसकी गरिमा के प्रतिकूल हो रहा है। चुकी नगर पालिका दमोह के प्रधान कार्यालय का अपने स्वयं के भवन में हस्तांतरित हो जाने के बाद, अब यह भवन सफाई आदि कार्यों की व्यवस्थाओं में उपयोग किया जा रहा है जो गरिमा के अनुकूल नहीं है, जिसकी वह भवन अपेक्षा रखता है। इस भवन को संरक्षित रखते हुए इसे, साहित्य,सांस्कृतिक और सामाजिक उद्देश्यों के लिए आरक्षित कर इसका जीरोद्धार किया जाना चाहिए। इस बात को मान्य. कलेक्टर साहब ने स्वीकार किया और यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उक्त संबंध में 'मध्य प्रदेश लेखक संघ दमोह' के निवेदन पर सांसद राहुल सिंह दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, मंत्री धर्मेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्याम शिवहरे, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रतन चंद जैन एवं पूर्व विधायक अजय टंडन, कलेक्टर को इस संबंध में पहले ही लेख कर चुके हैं। इस हेतु विभिन्न अवसर पर डॉ रघुनंदन चिले, नन्हें सिंह ठाकुर और पी एस परिहारभी विभिन्न समय पर इस निवेदन में सम्मिलित रहे।

# संभागायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**दमोह।** संभागायुक्त सागर अनिल सुचारी आज दोपहर एलआईसी के पास स्थित सिविल वार्ड नं. 06 आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में नन्हें बच्चों एवं उनके पालकों से चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एसडीएम दमोह आर एल बागरी, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी जयंत कुमार वर्मा, महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त श्री सुचारी ने आंगनवाड़ी में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। यहां पर केंद्र में खेल-खेल में शिक्षा किस तरह से दी जा रही है के संबंध में जानकारी परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर एवं आंगनबाड़ी सहायिका प्रतिमा खरे द्वारा दी गई। इस दौरान संभागायुक्त ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आगनबांडी परिसर में अमरूद का पौधा रोपित किया।

## बरगद का पौधा किया रोपित



**दमोह।** संभागायुक्त सागर अनिल सुचारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत बरगद का पौधा रोपित किया। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आग्रह किया। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह आर एल बागरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिले में 12 दिनों में 11.5 इंच बारिश

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 548.8 मि.मी. अर्थात 21.6 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 290.1 मि.मी. अर्थात 11.5 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 258.7 मि.मी. अर्थात 10.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 651.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 651.0 मि.मी., हटा 563.5 मि.मी., जबेरा में 647.0 मि.मी. पथरिया 570.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 482.4 मि.मी, बटियागढ़ 476.0 मि.मी. तथा पटेरा में 452.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 52.3 मि.मी. अर्थात 2.0 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

### सात प्रकरण पंजीबद्ध

**दमोह।** जिला कलेक्टर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में आबकारी अधिकारी रवीन्द्र खरें ने बताया विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए बड़ापुरा, चरयाई बाजार, डायमंड फाटक, ग्राम खोजाखेड़ी और थाना दमोह देहात अन्तर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ में कार्यवाही करते हुए कुल 07 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत पंजीबद्ध किए। उन्होंने बताया आरोपियों के कब्जे से कुल 65 पाव देशी मदिरा, 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 550 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 62000 रुपए है।

### वर्षाकाल में जलभराव वाले स्थलों पर जाने से बचें

**दमोह।** वनमण्डल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने जिलेवासियों से कहा वर्षाकाल 2025 में अत्यधिक वर्षा होने के कारण जिले अंतर्गत आने वाली ब्यारमा नदी, उपनदी एवं उनसे जुडे हुए नालों जिन में पानी का भराव रहता है, अपने पूरे उफान पर है। वर्षाऋतु में नदियों नालों में मगरमच्छ किनारों पर विचरण करते है, वर्षाऋतु में मटमेला पानी होने और पानी के बहाव के कारण मगरमच्छ आने की आहट भी नही लगती है, जिससे आम जनमानस को जानमाल का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा विशेषकर ऐसे सभी ग्रामवासियों, आम-जनमानस जो ब्यारमा नदी उसकी उपनदी एवं उनसे जुडे हुए नालों के किनारे निवास करते है, आग्रह किया जाता है कि जलभराव वाले स्थलों पर किसी भी कार्य से न स्वयं जायें न ही किसी को जाने दें।

### ई-केवाईसी करने हेतु वार्ड में प्रभारी नियुक्त

**दमोह।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने बताया राज्य शासन के निर्देश अनुसार ई-केवाईसी करने हेतु वार्ड में प्रभारी को नियुक्त किया गया है, जिसमें वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे साथ ही लगाए गए कैंप में ई-केवाईसी का सत्यापन कराया जाएगा। इसमें प्रमुख तौर पर ई-केवाईसी सर्वे के दौरान पलायन करने वाले सदस्यों की जानकारी, मृतको की जानकारी, डुप्लीकेट सदस्य की जानकारी संधारित करते हुये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कार्यवाही संचालित करने हेतु नगर पालिका दमोह के सहायक राजस्व निरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत को नोडल एवं प्रतिभा चौबे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपील की गई है सभी नागरिक हितग्राही अपनी-अपनी ई-केवाईसी अवश्य कराएं।

### आरोपियों के अतिक्रमण गिराने की मांग को लेकर प्रदर्शन, दमोह बंद की चेतावनी

# कार से कुचल कर युवक की हत्या, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पठानी मोहल्ले में बीती रात हिट एंड रन जैसा मामला सामने आया है। कार से कुचल कर एक युवक की हत्या कर दिए जाने के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के साथ ही अतिक्रमण हटाने की मांग की। वही एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर 19 जुलाई को दमोह बंद कराने की चेतावनी भी दी है। पूरे घटनाक्रम के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात अजमेरी गार्डन के समीप एक कार ने बाइक सवार राकेश रैकवार 40 व उसकी माँ को टक्कर मार दी। उनके सड़क पर गिरने के बाद बैक होकर आई कार राकेश पुनः कुचलने के बाद भाग गई थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की प्रत्यक्षदर्शी राकेश की मां के अनुसार अकील नाम का युवक कार चला रहा था तथा उसके पिता के द्वारा कार चढ़ाने का इशारा किया जा रहा था। इधर राकेश के भाई बबलू का कहना था की अकील के पिता से राकेश का मुर्गे को लेकर वाद विवाद हुआ था। इसी पर उन्होंने कार से कुचलवा कर राकेश की हत्या करवा दी। घटना की जानकारी लगते ही रात में ही कोतवाली थाना पुलिस टीआई मनीष कुमार और सीएसपी एच आर ने पांडे मौके पर पहुंच कर जांच कार्यवाही करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपी के खिलाफ







प्रकरण पंजीकृत करने के निर्देश दिए थे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद सैकड़ो लोगों ने प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के साथ उनके अतिक्रमण गिराए जाने की मांग की। जिस पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद ही मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान विभिन्न हिंदू संगठन के पदाधिकारी के द्वारा भी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों के द्वारा एक मंदिर के आसपास अतिक्रमण किए जाने की जानकारी देकर इसे मुक्त कराने कहा गया। रैकवार मांझी समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष मोंटी रैकवार ने इसे मत्स्य जिहाद ठहराते हुए कहा कि रैकवार समाज के पुश्तैनी धंधे को हड़पने के लिए यह हिट एंड रन किया गया है। प्रदर्शन में शामिल सैकड़ो लोगों के द्वारा पीड़ित परिवार को शासन से मुआवजा दिलाने की भी मांग की गई। प्रदर्शन की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडेय, एसडीएम आरएल बागरी टीआई मनीष कुमार के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने आरोपी अकील के खिलाफ हत्या सहित अन्य की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मृतक राकेश रैकवार का परिवार मछली पकड़ने का काम करता है। जबकि आरोपी अकील खान एक गैस एजेंसी में काम करता है।

## हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

### आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के सामने मुख्य सड़क किया जाम, एसडीएम के आश्वासन के बाद माने

**हटा।** नगरीय क्षेत्र के नवोदय वार्ड ककराई इलाके में घर के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई जिससे आक्रोशित परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल के सामने दमोह पन्ना मुख्य सड़क मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। दरअसल नगर के ककराई एरिया में प्रहलाद पिता भुज्जी नामदेव उम्र 45 वर्ष अपने घर की छत पर बारिश में तिरपाल डालने के लिए गया था इसी दौरान यह हादसा हो गया। व्यक्ति की मौत से गुस्साए परिजनों ने सिविल अस्पताल के सामने दमोह पन्ना मुख्य सड़क मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजनों ने विधुत विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर कार्यवाही कि मांग की। घटना की सूचना पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक सिविल अस्पताल पहुंचे आक्रोशित परिजनों के साथ वह भी धरने पर बैठ गए। चक्काजाम की सूचना मिलने पर हटा थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय मौके पर पहुंचे जहां नपा अध्यक्ष से बातचीत कर जाम हटाकर मृतक का पीएम कराने की बात कही लेकिन नपा अध्यक्ष ने शव को





पुलिस कब्जे में देने से से मना कर दिया। वही प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन नपा अध्यक्ष ने धरने से उठने से इंकार कर दिया तो प्रभारी तहसीलदार भी जमीन पर बैठ गए। और आक्रोशित लोगों की मांगों को सुना इसी दौरान नपा अध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा अधिकारी गरीबों की समस्या सुनने की बजाए अपने कुर्सी बचाने के लिए नेताओ की चापलूसी करने में लगा हुआ है। गरीबों की सुध लेने बाला कोई नही है। इस दौरान कांग्रेस नेता योगेश सराफ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा हर गली में जुआ सट्टा अवैध शराब बिक्री चरम पर है। लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नही करती। प्रदर्शन कारी कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। करीब तीन घंटे चले प्रदर्शन के उपरांत एसडीएम राकेश मरकाम मौके पर पहुंचें जहा उन्होंने प्रदर्शन कारियो से बात की। उन्होंने विधुत विभाग को जिम्मेदार बताते हुए दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर पीड़ति परिजनों को 10 लाख रुपए आर्थिक मुआवजा राशि एवं तत्काल हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग की विधुत विभाग को कई बार पत्राचार के माध्यम से हाईटेंशन लाइन रिहायशी इलाके से हटाने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। जिसका खामियाजा एक युवक को जान गवाकर भुगतान पड़ा है। पीड़ति परिवार से उनका एक सहारा छिन गया। वही एसडीएम ने समझाइश देते हुए कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से उनकी चर्चा हुई है। विद्युत विभाग की लापरवाही से यह गलती हुई है। इस मामले को पहले सुलझा लिया होता तो घटनाए नही होती। इसी दौरान एसडीएम के समक्ष नपा अध्यक्ष ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए बाढ़ बारिश से आमजन परेशान हैं। बिजली के तार झूल रहे हैं करंट की क्या स्थिति है इस पर ध्यान न देकर प्रशासन नेताओ कुछ खेतो में सड़क बनाने प्रयासरत दिखाई दे रहा है। हीला हवाली प्रशासन न करे यदि कार्यवाही नही होती तो उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि विद्युत विभाग के द्वारा जो लापरवाही की गई है इसकी अनुशासनात्मक जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे। पीड़ति के परिजनों को संबल कार्ड से आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी वही रिहायशी इलाके से हाईटेंशन लाइन हटाई जाएंगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी मान गए और चक्काजाम खत्म कर दिया। तीन घन्टें चले प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही जिससे लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने पुलिस बल की मदद से जाम में फंसे वाहनों को निकाला जिससे आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ।

## मूंग चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** देहात थाना पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 27-28.06.25 की दरम्यानी रात प्रार्थी राकेश जैन की राशन दुकान में हुई मूंग एवं चना की बोरियों की चोरी के संबंध में थाना दमोह देहात में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं सीएसपी एवं थाना प्रभारी महोदय के मार्गदर्शन में लगातार प्रयास कर एक आरोपी राहुल राजपूत पिता हरिसिंह राजपूत उम्र 35 साल निवासी मारूताल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा आरोपी के कब्जे से 05 बोरी मूंग तथा घटना में प्रयुक्त आटो जप्त किया गया है। प्रकरण में दो आरोपीगण की गिरफ्तारी होना शेष है। संपूर्ण कार्यवाही में सउनि आनंद कुमार प्रभारी जबलपुर नाका, प्र.आर. सचिन नामदेव, प्र.आर. सुमन, प्र.आर. नंदलाल, आर. प्रताप, आर. सुरेन्द्र, सैनिक मेहफूज जबलपुर नाका चौकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गैस सिलेंडर से जला गरीब का आशियाना, बिलख रहा परिवार



**रनेह।** लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने रहने वाले एक गरीब मजदूर का बारिश के चलते गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। आग ने एकदम से विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते मकान सहित घर गृहस्ती का सामान खाक हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय पप्पू अहिरवार के घर दोपहर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लीक होने से भीषण आग लग गई, समय रहते मोहल्ला के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने नगर पालिका हटा से फायर ब्रिगेड भी पहुंचा मगर संकीर्ण रास्ता के चलते फायर ब्रिगेड घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाया। पीड़ित पप्पू अहिरवार रोज मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वालों में से है। एक तो अति गरीबी, ऊपर से आशियाना भी छिन जाना ऐसी स्थिति में पीड़ित परिवार का बुरा हाल है। रोते बिलखते परिवार के सदस्य इस बात से विचलित है की बारिश के मौसम में अब कहां गुजर करेंगे। ईश्वर की इस मार को सहने की शक्ति मजदूर परिवार में नहीं है। अपने जले आशियाने को देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पप्पू अहिरवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा कर राजस्व विभाग से मौके पर पहुंचकर जांच की मांग की है। मोहल्ला एवं ग्राम वासियों की संवेदना पीड़ित गरीब परिवार के साथ है और ग्रामवासी शासन प्रशासन से अपेक्षा करता है कि पीड़ित परिवार को पुनः आशियाना बनाने में मदद करें।

## हिंडोरिया में चोरों के हौसले बुलंदी पर, पुलिस सुस्त

### एक ही रात में अनेक जगह पर चोरियां निर्विघ्नं संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

वर्तमान में हिंडोरिया कस्बा में चोरों के हौसले बुलंदी पर नजर आ रहे हैं। आम जनता इनकी करतूत से आतंकित है । यहां हर तरफ एक तरह से चोरों का जलवा नजर आ रहा है। वर्तमान में चोरी, लूट की वारदातें एवं अबैध शराब की बिक्री जैसी गैर कानूनी गतिविधियां घटित होना एक आम बात हो गई । कुल मिलाकर कस्बा में चोरों का तांडव एवं दहशत व्याप्त है । आम जनों ने चोरी की घटनाओं की रिपोर्ट तक थाने में दर्ज कराना बंद कर दी है। इसका कारण भी स्पष्ट है क्योंकि पूर्व में इस दिशा में पुलिस द्वारा कोई ठोस एवं सक्रिय प्रयास नहीं किया गया। चोरी के मामले में जनता एक तरह से ईश्वर के भरोसे पर निर्भर है । चोरों के मन में कानून का किंचित मात्र भी भय नहीं रह गया है।

पुलिस की इसी निष्क्रियता का लाभ उठाते हुए चोरों ने 09-10 जुलाई 2025 की दरमियानी रात में वार्ड नंबर 3 मेंन मार्केट स्थित शिवम तिवारी पिता अनिल तिवारी के साइबर कैफे में सेंध लगाकर ₹40000 नगद एवं कैमरा चुरा कर ले गये। इसी रात्रि में बस स्टैंड चौगडडा पर स्थित राहुल चौरसिया के चाय-पान के टपरे से लगभग 5000 रुपये कीमत की नगदी एवं सामग्री की अज्ञात चोरों द्वारा सफलतापूर्वक चोरी कर ली गई। इसके दो दिन पूर्व वार्ड नंबर 10 निवासी रहीम खान पिता नजीर खान के ढाबे से चोर 50000 रुपया नगद, मोबाईल, दस्तावेज आदि चोरी करके ले गए । इस चोरी की रिपोर्ट पीड़ितों द्वारा साहस एवं विश्वास करके थाने में दर्ज कराई गई हैं। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में वार्ड नंबर 6 निवासी समीर शाह पिता रमजान शाह की दो लाख की चोरी हुई थी। जिसका कोई पता आज तक पुलिस नही लगा पाई। इसके अलावा वार्ड 09 निवासी शाहिद खान के मकान से ₹6 लाख की दिनदहाड़े चोरी पूर्व मे हुई थी जिसका भी आज तक कोई पता नहीं चल सका। इसी क्रम मे वार्ड 10 के रहवासी सतीश अहिरवार के साथ 4 लाख की लूट बंडी की टेक पर हुई। पुलिस इस लूट के आरोपियों को भी नही ढूढ़ सकी। नगर के वार्ड 05 निवासी विमलेश सेन पिता भगवान दास के घर पर लगभग 06 लाख की चोरी भी पुलिस के सामने आज भी चुनौती बनी हुई है। इसके अलावा कस्बा के कैय्युम गुड्डू खान के 02 नग, जहांगीर खान के 02 नग, वहीद खान का 01 नग, रहीम खान के 04 नग बकरा बकरियों की नगर मे दिन-दहाड़े हुई चोरी भी पुलिस नही खोज पाई। इन बकरा- बकरी की चोरियों की पुलिस में रिपोर्ट करने के बाद भी आज तक कोई पता नही चल पाया। इसी क्रम में वार्ड नंबर 07 मुन्ना उर्फ मुदस्सिर पिता फैज मोहम्मद के घर से रात्रि में 02 बोरा एवं 06 बोरी मसूर की चोरी हुई जिसका आज तक पता नहीं चल सका । कुल मिलाकर जो भी चोरियां हुई है। उनकी पता साजी करने में पुलिस के द्वारा आज भी जिम्मेदारी पूर्वक कोई भूमिका नहीं निभाई जा रही है । परिणाम स्वरुप लोगों का विश्वास चोरी के मामलों मे पुलिस के ऊपर से लगभग पूरा उठ चुका है।और लोग पूरी तरह से ऐसा लगता है कि भगवान के भरोसे पर निर्भर रह गए। सभ्रांत नागरिकों ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस दिशा में शीघ्र कानून सम्मत कदम उठाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की।

## बारिश के रुकने से मिला मौका तो धान की रोपाई हुई तेज



**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र मै दो-तीन दिनों से रुक रूक कर हो रही बारिश के चलते एवं बारिश की रफ्तार कम होने से किसानों को धान की रोपाई के लिए अच्छा समय मिल गया है। पूरे क्षेत्र में किसान धान की रोपाई में जुट गए हैं। अब रोपाई का काम तेजी से चल रहा है । कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान रोपाई के लिए 15 जुलाई तक का समय आदर्श है, लेकिन इसके बाद भी धान लगाई जा सकती है। धान की रोपाई के लिए बाहर भी जा रहे हैं मजदूर थान की रोपाई के लिए जबलपुर जिले में स्थानीय मजदूर कम पड़ जाते हैं, इसलिए कई तेंदूखेड़ा जबेरा क्षेत्र से मजदूरों को बुलाया जाता है। यह काम ठेके पर होता है। धान रोपाई के लिए मजदूर उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार यहां से जबलपुर नरसिंहपुर सागर आदि जिलों से मजदूरों को भेजते हैं। हर साल हजारो मजदूर जिले से बाहर से जाते हैं। इस क्षेत्र के मजदूर सबसे ज्यादा पाटन जबलपुर क्षेत्र में काम करने के लिए हमेशा जाते हैं धान के अलावा सोयाबीन, मूंग, अरहर, मक्का, आदि फसलों की बोचनी पहले ही पूरी हो चुकी है। बल्कि लगातार बारिश से इन फसलों को कहीं फायदा को तो कहीं नुकसान भी हुआ है।

## डायमंड पार्क में हुआ पौधरोपण



**दमोह।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आव्हान एवं जिला प्रशासन एवं जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के सागर संभागीय समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने स्थानीय डायमंड पार्क दमोह में संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह एवं परिषद के विकासखंड समन्वयको एवं संस्था पदाधिकारियों की उपस्थिति में औषधीय नीम का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर संभागीय समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने कहा प्रकृति ईश्वर का उपहार है, और हमारे जीवन का आधार है, जिसका संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी का प्रथम कर्तव्य हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिषद के साथ-साथ सामाजिक और स्वैच्छिक क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक संस्थाएं बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सेदारी करें और इस अभियान को मूर्त रूप प्रदान करें। इस दौरान वंदना जैन, पुष्पा सिंह, उमाशंकर उपाध्याय, हरीश पांडे, कृष्णा पटेल सहित संस्था पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## तीन पंचायत गैसाबाद, बलैह, गरैह के मतदाता चुनेंगे नया जनपद सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

हटा जनपद के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद सदस्य के चुनाव के लिए आगामी 22 जुलाई 2025 को मतदान होगा जिसमें तीन पंचायतो के लगभग 5315 मतदाता अपने मत का उपयोग कर जनपद सदस्य को चुनेगे, बता दें कि गैसाबाद क्षेत्र के तत्कालीन जनपद सदस्य एवं हटा जनपद के अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल को हटा के बहुचर्चित स्वर्गीय देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में माननीय न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद इंद्रपाल पटेल का चुनाव शून्य घोषित हो जाने के कारण यहां पर उपचुनाव कराने की नौबत आई है, जनपद सदस्य के चुनाव में नाम वापसी के बाद पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में है ,जिसके लिए आगामी 22 जुलाई को मतदान होगा, अब तक हुए जनपद सदस्य के चुनाव पर यदि नजर डालें तो क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत गैसाबाद के मतदाताओं का मिजाज अधिकतर अपने ही गांव गैसाबाद के प्रत्याशी की ओर रहा है, जिसका उदाहरण सन 1994 के चुनाव में भी देखा गया था, मध्यप्रदेश में सन 1994 में जनपद सदस्यो द्वारा जनपद अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया लागू की गई थी ,उसी दौरान प्रथम बार हुए जनपद सदस्य के चुनाव में गैसाबाद क्षेत्र से सामान्य वर्ग के चार उम्मीदवार चुनावी समर में थे, वह चुनाव बहुत ही रोचक और चर्चित रहा है ,जिसमें स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव, स्वर्गीय श्रीधनीराम मिश्रा अनिरुद्ध प्रताप सिंह उर्फ बंटी राजा एवं रामनारायण उर्फ पप्पू पाठक उम्मीदवार थे उस समय भी गैसाबाद वासियों ने अपने ही ग्राम के उम्मीदवार लंबरदार परिवार के सदस्य स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव को अपना समर्थन देकर जनपद सदस्य चुनकर ऐतिहासिक विजय हासिल कराई थी, उसके बाद हुए यदि दो-तीन चुनाव को छोड़ दें तो अधिकांशत ग्राम के ही उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है जिसमें श्रीमती सियारानी स्वर्गीय शिखरचंद जैन, कडोरी विश्वकर्मा विजय हुए थे, हालांकि ग्राम अदंनवारा के श्यामसुंदर पटेल ग्राम बलैह की श्रीमती उपाध्याय, एवं ग्राम बरखेड़ा (हटा) के इंद्रपाल पटेल भी चुनाव जीतने में सफल रहे हैं, इस समय क्षेत्र में चुनावी हलचल शुरू हो चुकी है प्रत्याशी अपने-अपने हिसाब से चुनाव प्रचार कर मतदाताओं को रिझाने का कार्य कर रहे हैं, कौन जनपद सदस्य बनेगा किसके सिर पर जीत का सहरा बधेगा इसका फैसला तो मतदाताओं को करना है लेकिन इस समय चुनावी माहौल गर्म है।

## 7 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े

**तेंदूखेड़ा।** नगर से 6 किलोमीटर दूर धनगौर मुख्यालय में विद्युत कंपनी द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे 7 उपभोक्ताओं को विजली चोरी करते पकड़ा गया एवं 5 हीटरों को जप्त कर चालानी कार्यवाही की गई विद्युत की चोरी करने वालों के द्वारा स्मार्ट मीटर में विद्युत केबल पहुंचने के पहले तार कट करके विद्युत की चोरी की जा रही थी जबकि ज्ञात होगी विद्युत कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। उसके बावजूद भी लोग विद्युत चोरी को अंजाम दे रहे हैं। इस दौरान विद्युत कंपनी के आए मो फरीद अंसारी, धनगौर मुख्यालय की लाइनमैन के अभिषेक सोनी, मीटर रीडर राम सींग लोधी कुद्दू घोषी, राम कृपाल सेन सहित विद्युत कंपनी का अन्य स्टॉप मौजूद रहा। इस संबंध में विद्युत कंपनी के एई मोहम्मद फरीद अंसारी ने बताया कि धनगौर में चेकिंग के दौरान 7 लोगों द्वारा स्मार्ट मीटर लगे होने के बावजूद मीटर की पहले विद्युत लाइन में कट लगाकर विद्युत चोरी की जा रही थी साथ ही पांच लोगों द्वारा विद्युत हीटर चलाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण



**दमोह।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा समूह की महिला सदस्यों के द्वारा डॉक्टर अग्रवाल स्कूल के परिसर में एक वृक्ष मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर महासभा की जिला अध्यक्ष सुमित्रा अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण की जान है वर्षों के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर ही हम अपनी पृथ्वी को बचा सकते हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुमित्रा अग्रवाल के अलावा उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रश्मि गर्ग महामंत्री मंजू अग्रवाल नगर अध्यक्ष आशा अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य रागनी अंजलि अनंत अंजलि अतुल मंजू वंदना निशा रानी रितु किरण आदि की उपस्थिति रही इसमें विशेष उपस्थित मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की क्रांति उपाध्यक्ष राम अग्रवाल की उपस्थिति रही वृक्षारोपण के पश्चात सभी ने दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया।